# आकाशवाणी शिमला
## 29.11.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

**मुख्य समाचार**

- **मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हिमाचल के लिए विशेष औद्योगिक पैकेज प्रदान करने का केन्द्र सरकार से किया आग्रह।**
- **प्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी रणधीर शर्मा ने कहा–सुक्खू सरकार अपने कृत्यों से हीन भावना से ग्रस्त–विपक्ष के सवालों का सामना करने की नहीं हिम्मत।**
- **उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा–प्रदेश सरकार का दो साल का कार्यकाल उपलब्धियों भरा–विपक्ष को सकारात्मक भूमिका निभाने की ज़रूरत।**
- **राज्य सरकार ने सभी ज़िला उपायुक्तों को सप्ताह में दो दिन अनिवार्य रूप से कार्यालय में उपस्थित रहने के दिए निर्देश।**

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने केन्द्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से हिमाचल प्रदेश के लिए विशेष औद्योगिक पैकेज प्रदान करने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने कल नई दिल्ली में केन्द्रीय मंत्री से भेंट के दौरान कहा कि हिमाचल को भी जम्मू–कश्मीर और पूर्वोत्तर राज्यों की तर्ज़ पर विशेष औद्योगिक पैकेज प्रदान किया जाए। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पहाड़ी क्षेत्रों के लिए पहले की तरह परिवहन सब्सिडी योजना को फिर से शुरू करने का आग्रह भी किया। उन्होंने कहा कि इससे औद्योगिक उत्पाद और निर्यात को बढ़ावा देने में काफी मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने निर्यात प्रोत्साहन के लिए औद्योगिक अधोसंरचना विकास परियोजनाओं, गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशालाओं और प्रमाणन प्रयोगशालाओं के लिए उदार वित्तीय सहायता देने की मांग भी की। इसके अलावा उन्होंने औद्योगिक विकास योजना के तहत पूंजीगत सब्सिडी की लंबित राशि जारी करने का भी केन्द्रीय मंत्री से अनुरोध किया। केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने राज्य सरकार की सभी मांगों और मुद्दों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने और प्रदेश को हरसंभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया।

**रणधीर शर्मा**

प्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी व विधायक रणधीर शर्मा ने कहा है कि सुक्खू सरकार अपने कृत्यों से हीन भावना में ग्रस्त है और विपक्ष के सवालों का सामना करने की सरकार में हिम्मत नहीं है। शिमला में आज पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस बार विधानसभा सत्र भले ही छोटा रखा गया है लेकिन विपक्ष चार दिन में भी मजबूती से जनता के मुद्दों को सदन में उठाएगा।

प्रदेश सरकार के दो साल के कार्यकाल के जश्न और विधानसभा सत्र को लेकर सवाल उठाते हुए रणधीर शर्मा ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष का पद संवैधानिक है और उसका विपक्ष भी सम्मान करता है लेकिन विधानसभा अध्यक्ष के बयान ठीक नहीं है। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष को अपने पद की गरिमा बनाए रखने की सलाह भी दी। रणधीर शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार के जनविरोधी निर्णयों को लेकर जनता के बीच में जाएगी और सरकार की कार गुजारियों का पर्दाफाश किया जाएगा।

**सिकंदर कुमार**

केन्द्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि केन्द्र सरकार ने तीन राष्ट्रीय स्तर की बहुराज्यीय सहकारी समितियों की स्थापना की, जिसमें राष्ट्रीय सहकारी, निर्यात लिमिटेड, राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड और भारतीय बीज सहकारी समिति शामिल हैं। राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार द्वारा

संसद में हिमाचल प्रदेश में जैविक कृषि, प्रमाणित बीज और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय स्तर की नई बहुराज्यीय समितियां स्थापित करने के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने ये बात कही। अमित शाह ने बताया कि इन समितियों को बहुराज्यीय सहकारी सोसाइटी अधिनियम–2002 के अधीन पंजीकृत किया गया है। सांसद सिकंदर कुमार के एक अन्य सवाल के जवाब में अमित शाह ने कहा कि केन्द्र सरकार को सहकारी शिक्षा, प्रशिक्षण, अनुसंधान विकास और प्रशिक्षित कार्य बल की गुणवत्ता के लिए राष्ट्रीय स्तर के सहकारी विश्वविद्यालय के स्थापना के लिए प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

**शांडिल**

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि बच्चों को नशे से दूर रखने में अभिभावकों और शिक्षकों को अहम भूमिका है। सोलन ज़िला के कंडाघाट की राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के वार्षिक समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा क्षेत्र में सुधार के लिए कार्य कर रही है।

**हर्षवर्धन**

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि राजनीतिक व आर्थिक विपदाओं के बावजूद वर्तमान प्रदेश सरकार का दो साल का कार्यकाल उपलब्धियों भरा रहा है। शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मज़बूती से प्रदेशहित में कार्य कर रही है और जो गारंटियां लोगों को दी गई उन्हें पूरा किया जा रहा है। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि प्रदेश सरकार 11 दिसम्बर को बिलासपुर में दो साल के कार्यकाल की उपलब्धियों को जनता से साझा करेगी। उन्होंने कहा कि विपक्ष का काम केवल आलोचना करना ही रह गया है और चुनी हुई सरकार को गिराने की भाजपा की सभी कोशिशें विफल हो चुकी हैं। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि प्रदेशहित में विपक्ष को सकारात्मक भूमिका निभाने की ज़रूरत है।

**जयराम ठाकुर**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा है कि सरकार काम के बजाए प्रचार तंत्र से अपनी छवि चमकाना चाहती है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि सरकार की छवि जनहित के काम करने और लोगों को सुविधा देने से बनती है लेकिन सुक्खू सरकार जनविरोधी काम कर रही है और लोगों से सुविधाएं छीन रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि झूठी छवि से प्रदेश और प्रदेशवासियों का कोई हित नहीं होगा। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार अपने दो साल के कार्यकाल का जश्न मनाने की तैयारी कर रही है और जश्न के नाम पर सरकार के पास बताने के लिए झूठ के अलावा कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने दो साल के कार्यकाल में हिमाचल की छवि को खराब किया है और प्रदेश की आर्थिक स्थिति को बदत्तर किया है।

**रोहित ठाकुर**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज शिमला में प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न सरकारी स्कूलों में परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण–2024 के सफल संचालन को लेकर चर्चा की। उन्होंने महासंघ के सदस्यों को मिशन मोड दृष्टिकोण अपनाने और सभी स्तरों पर व्यापक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिक्षा मंत्री ने कहा कि परख सर्वेक्षण के परिणाम शिक्षा विभाग के समग्र प्रदर्शन को दर्शाएंगे। रोहित ठाकुर ने सभी हितधारकों से एकजुट होकर काम करने की अपील की और नियमित अभ्यास सत्र आयोजित करने पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार परख सर्वेक्षण में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए संघ को हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी।

**चंद्र कुमार**

कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी की सरकारों ने प्रदेश में शिक्षा क्षेत्र में अभूतपूर्व काम किया है। उन्होंने आज ज्वाली विधानसभा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भरमाण के वार्षिक समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। चंद्र कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए शिक्षा क्षेत्र में बदलाव कर रही है। उन्होंने कहा कि भरमाण में पेयजल व सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए करीब 14 करोड़ रूपये की लागत से 15 टयूबवेल लगाए जाएंगे।

**आदेश**

प्रदेश सरकार ने सभी ज़िला उपायुक्तों को सप्ताह में दो दिन अनिवार्य रूप से कार्यालय में उपस्थित रहने की निर्देश दिए हैं। सचिव प्रशासनिक सुधार ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के आदेशों के बाद सभी उपायुक्त अब प्रत्येक सप्ताह सोमवार और वीरवार को अपने कार्यालय में उपस्थित रह कर अनिवार्य रूप से जनसमस्याओं का समाधान करेंगे। ये निर्देश सभी ज़िला पुलिस अधीक्षकों पर भी लागू होंगे।

**बैठक**

प्रदेश कृषि उद्योग निगम के निदेशक मंडल की बैठक आज शिमला में राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में बैलेंस शीट, ऑडिट व निदेशक मंडल की रिपोर्ट का अनुमोदन और निगम की विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की गई। इस दौरान प्रदेश में किसानों को कृषि उपकरण व मशीनरी उपलब्ध करवाने के लिए व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ाने पर भी विशेष बल दिया गया। इसके अलावा मोबाइल वैन के माध्यम से किसानों को कृषि उत्पाद, उपकरण व औज़ार उपलब्ध करवाने और इन उत्पादों की बिक्री के लिए शिविर आयोजित करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई।

**यादविंदर गोमा**

आयुष, युवा सेवाएं व खेल मंत्री यादविंदर गोमा ने कहा है कि वर्तमान प्रदेश सरकार ने खिलाड़ियों की प्रोत्साहन राशि में अभूतपूर्व बढ़ौतरी कर खिलाड़ियों का सम्मान किया है। कांगड़ा ज़िला के पंचरूखी में 21वीं अखिल भारतीय डॉक्टर यशवंत सिंह परमार मेमोरियल वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ करने के बाद लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने ये बात कही। तीन दिवसीय स प्रतियोगिता में देश की 8 टीमें भाग ले रही हैं। इस अवसर पर  गोमा ने कहा कि प्रदेश में 20 स्टेडियमों का निर्माण कार्य प्रगति पर है और इस वित्त वर्ष में उच्च स्तरीय खेल अधोसंरचना के लिए 28 करोड़ रूपये से अधिक की राशि खर्च की जा रही है।